बिहार सरकार

# खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

(बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि.)

# प्रेस रिलीज

## रबी विपणन मौसम 2025–26 के लिए चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति की अधिसूचना जारी

**राज्य में चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति (रबी विपणन मौसम 2025–26 अंतर्गत) 25.06.2025 से 15.07.2025 तक की अवधि के लिए प्रभावी।**

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार ने 25.06.2025 को रबी विपणन मौसम, 2025–26 अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति हेतु अधिसूचना जारी कर दी है। रबी विपणन मौसम, 2025–26 अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों अधिप्राप्ति कार्यक्रम दिनांक 25.06.2025 से प्रारंभ होगा एवं दिनांक 15.07.2025 तक प्रभावी रहेगा।

राज्य अंतर्गत दलहन एवं तेलहन के उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से चना, मसूर एवं सरसों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को उपलब्ध कराने के लिए राज्य में चना, मसूर एवं सरसों/राई की अधिप्राप्ति 17.06.2025 को राज्य मंत्री परिषद् की स्वीकृति मिलने के बाद प्रारंभ किया जा रहा है।

रबी विपणन मौसम 2025–26 अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों अधिप्राप्ति के लिए राज्यस्तरीय सपोर्टर के रूप में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम एवं सहकारिता विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यरत पैक्स/व्यापार मंडल को नामित किया गया है। भारत सरकार द्वारा इस कार्य के लिए केन्द्रीय अभिकरण के रूप में नेफेड एवं एन. सी. सी. एफ. को नामित किया गया है।

राज्य स्तरीय सपोर्टर के रूप में सहकारिता विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यरत पैक्स/व्यापार मंडल द्वारा चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति के लिए राज्य के सभी जिलों में क्रय केन्द्रों की स्थापना कर कृषि विभाग के पोर्टल www.dbtagriculturebihar.gov.in पर पंजीकृत/निबंधित राज्य के किसानों से चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति की जाएगी तथा अधिप्राप्ति से प्राप्त चना, मसूर एवं सरसों को भारत सरकार द्वारा नामित केन्द्रीय अभिकरण नेफेड एवं एन.सी.सी.एफ. द्वारा स्थापित/चिन्हित CWC /SWC/ गोदामों में नेफेड/एन.सी.सी.एफ. के गुणवता नियंत्रकों के स्तर से गुणवता एवं अधिप्राप्ति की मात्रा हेतु निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर जमा किया जाएगा।

रबी विपणन मौसम 2025–26 में चना, मसूर एवं सरसों की अधिप्राप्ति सहकारिता विभाग के अधिकृत पोर्टल https://esahkari.bihar.gov.in के माध्यम से संपन्न किया जाएगा।

रबी विपणन मौसम, 2025–26 में राज्य के किसानों से चना, मसूर एवं सरसो की अधिप्राप्ति के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य चना 5850रू. प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रू. प्रति क्विंटल, सरसो/राई 5950 रू. प्रति क्विंटल की दर से अधिप्राप्ति की जाएगी। यह अधिप्राप्ति कार्यक्रम दिनांक 25.06.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 15.07.2025 तक चलेगा। नेफेड एवं एन.सी.सी.एफ. स्थापित/चिन्हित CWC/SWC गोदामों में राज्य स्तारीय सपोर्टर पैक्स/व्यापार मंडल द्वारा अधिप्राति के उपरांत चना, मसूर एवं सरसों की मात्रा को दिनांक 25.06.2025 से 22.07.2025 तक उपलब्ध कराया जा सकेगा।